Form No. III

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

## अज अदालत उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी, जैतारण

किस्म मुकदमा. :– राजस्व प्रार्थना पत्र

संख्या :–44/2020

अनवान तहसीलदार बनाम मणिराज वगैराह।

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| .2.2020 | तहसीलदार उपस्थित। | |

प्रार्थी तहसीलदार जैतारण ने प्रा. पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 LR Act, 1956 के तहत् पेश किया। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–खराडी, पटवार हल्का डिगरना, तहसील–जैतारण में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 901, 901/1, 901/2, 901/3, 901/4, 901/5, 901/6, 901/7, 901/8, 901/9, 901/10, 901/11, 901/12, 901/13, 901/14, 901/15, 901/16, 901/17, 901/18, 901/19 जमाबन्दी सेग्रीगेशन कार्य को पूर्ण करने एवं नक्शे में दर्ज खसरा नम्बरों का वन टू वन मिलान के मध्य जिन खसरो मे रिकार्ड मौका तथा नक्शे में भिन्नता आ रही हैं यथा खातेदारों के अलग अलग खसरों नम्बरों की सीमाओं में अन्तर हैं तथा नक्शा अनुरुप खसरों का रकबा मिलान नही होता हैं। ऐसे खसरा नम्बरों के नक्शे की सीमाओं में दुरुस्ती प्रस्ताव निम्नानुसार सेवा में पेश हैं। ग्राम खराड़ी पटवार हल्का डिगरना तहसील जैतारण जिला पाली (राज.) के खसरा नम्बर 901 व उसके बट्टा नम्बर 901/1 से 901/19 कुल रकबा 22–07 बीघा खातेदारान् का आवेदन मय रिकार्ड की सत्यप्रतिलिपि पेश कर निवेदन हैं कि निम्नानुसार रिकार्ड दुरस्ती का आदेश प्रदान करने की कृपा करावें। प्रस्तुत प्रा. पत्र एवं मय रिकार्ड की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया। प्रार्थी तहसीलदार का प्रा. पत्र दर्ज रजिस्टर हो।

पटवारी हल्का डिगरना ने अपनी जांच रिपोर्ट में निवेदन किया कि मौजा–खराड़ी में स्थित भूमि खसरा नम्बर 901 व उसके बट्टा नम्बर 901/1 से 901/19 कुल रकबा 22–07 बीघा भूमि के रुप में खातेदारान् के नाम वर्तमान जमाबंदी में इन्द्राज हैं। राजस्व रेकर्ड अनुसार मौका स्थिति में भिन्नता हैं। उक्त भिन्नता को दूर करने के लिए इन सभी खसरों का मूल खसरा नम्बर 901 रकबा 22–07 बीघा में विलय करना उचित बताया, उक्त विलय के लिए कुछ खातेदारों ने अपनी सहमति स्वरुप मौका फर्द पर हस्ताक्षर किये हैं, तथा खाता संख्या 279 खसरा नम्बर 901/4 रकबा 00–05 बीघा किस्म गै.मु.बाड़ा खातेदार बुधाराम पिता नारायणराम वगैराह में नामान्तरणकरण संख्या 340 निर्णय दिनांक 23/08/1975 बैचान के जरिये खसरा नम्बर 901 रकबा 22–07 बीघा में से रकबा 00–05 बीघा किस्म बा.दो. दर्ज हैं। जो जमाबंदी में सेवन से नोट अंकित करते समय खसरा नम्बर 901/4 रकबा 00–05 बीघा किस्म बा.दो. के स्थान पर गै.मु. बाड़ा दर्ज होना बताया गया हैं। तद्नुसार पटवारी हल्का डिगरना भू.अ.निरीक्षक निम्बोल एवं तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रस्ताव तैयार कर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 136 एवं 131 के तहत् दुरुस्ती हेतु निवेदन किया गया। तथा यह भी आग्रह किया गया कि उक्तानुसार दुरुस्ती से DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) के कार्य निष्पादन में भी सुविधा होगी।

प्रार्थी तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेज तथा पटवारी रिपोर्ट व भू.अ.निरीक्षक की जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तथा संबंधित खसरों के कुछ खातेदारों ने पटवारी की मौका फर्द में सहमति रुप से हस्ताक्षर किये, पर भी गौर किया गया तो पाया कि तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव अनुसार खसरा विलयकरण की शुद्धि करना उचित समझते हैं।

अतः प्रार्थी तहसीलदार का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। मौजा–खराड़ी पट्वार हल्का डिगरना तहसील जैतारण में स्थित भूमि ख.न. 901 व उसके बट्टा नम्बर 901/1 से 901/19 जमाबन्दी में खातेदारान् के नाम दर्ज हैं। पटवारी हल्का–डिगरना, भू.अ.निरीक्षक निम्बोल एवं तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं रिकॉर्ड की सत्यप्रतिलिपि अनुसार वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हैं, जिसे प्रस्तावित प्रस्ताव अनुसार विलय कर मूल खरा नम्बर 901 रकबा 22–07 बीघा का इन्द्राज दुरुस्ती के आदेश दिये जाते हैं। खातेदारों के नाम, हक हिस्सा एवं रहन की प्रविष्टियां बदस्तूर जारी रहेगी, तथा कोई भी खातेदार इस बाबत् किसी भी समय संबंधित सक्षम न्यायालय से अगर उचित समझे तो अनुतोष प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रहेगा, तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। पृथक से आदेश जारी हो जो पत्रावली का भाग होगा, आदेश एवं तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव जो इस निर्णय का भाग होगा की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो।

270
28/2/20

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू–अभिलेख अधिकारी, जैतारण

Scanned with CamScanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू-अभिलेख अधिकारी, जैतारण (जिला-पाली)

क्रमांक/कोर्ट/2020/ दिनांक :-............

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 0[illegible]/2020 निर्णय दिनांक:-27/02/2020

[44/20]

अनवान तहसीलदार बनाम मणिराज वगैराह

## आदेश

(अंतर्गत धारा 136, 131 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956)

प्रार्थी तहसीलदार जैतारण के खाता दुरस्ती प्रार्थना पत्र एवं पटवारी, पटवार मण्डल-डिगरना व भू.अ. निरीक्षक-निम्बोल की रिपोर्ट तथा तहसीलदार जैतारण की अनुशंषा, खातेदारान् की प्रार्थना के आधार पर तहसील क्षैत्र जैतारण में माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर एवं राजस्व विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार भू-अभिलेखों की डिजिटाईजेशन हेतु संचालित DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) के अंतर्गत जमाबंदी, नक्शा एवं मौका स्थिति की अनुरूपता के लिए मौका एवं नक्शा की स्थिति में भिन्नता के फलस्वरूप तरमीम कार्य में उत्पन्न अवरोध के निराकरण हेतु राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 एवं 131 के अनुसरण में ग्राम-खराड़ी, तहसील-जैतारण, जिला-पाली की जमाबन्दी संवत् 2074-2077 में निम्नलिखित खाता संख्या में वर्तमान में दर्ज प्रविष्टि को निम्नलिखित रूप से शुद्ध किया जाकर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। खातेदारान् के नाम, हक हिस्सा एवं रहन की प्रविष्टियां, कुल रकबा एवं भूमि की किस्म अप्रभावित रहते हुए बदस्तूर जारी रहेगी। कोई भी खातेदार किसी भी समय अगर आवश्यक समझे तो संबंधित सक्षम न्यायालय से अनुतोष प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) के तहत् सूक्ष्म खसरों / इन्द्राज का समामेलन करना

नाम ग्राम-खराड़ी पटवार मण्डल - डिगरना, भू.अ.नि. - निम्बोल तहसील-जैतारण, जिला-पाली

| वर्तमान खाते का विवरण | | | | | शुद्धि की प्रविष्टि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाता संख्या | खसरा नम्बर | रकबा | किस्म | खातेदार का विवरण | खाता संख्या | खसरा नम्बर | रकबा | किस्म | खातेदार का विवरण |
| 455 | 901 | 00-01 | बा.दो. | मणिराज मुलसिंह पिता भगवानदान रिद्धकंवर पत्नी भगवानदान कौम चारण सा.देह खातेदार। | 455 | 901 | 22-07 | बा.दो. | मणिराज मुलसिंह पिता भगवानदान रिद्धकंवर पत्नी भगवानदान कौम चारण 1/447 हि. शिवलाल पुत्र पोकरराम कौम बावरी 5/447 हि. अ.करीम, शकूरमोहम्मद कल्लुखां रातारमोहम्मद शफीमोहम्मद पिता नाथुखां कौम तेली 24/447 हि. रामदीन रामनिवास तुलछाराम पिता बालूराम सायती परमाई सीपूदेवी पुत्रियां बालूराम जडावली पत्नी बालूराम काना पिता खेमाराम कौम जाट 7/447 हि. बुधाराम पिता नारायणराम हडमानराम सेवाराम रामचन्द्र चेनाराम पिता हरजीराम शंकरलाल पुनाराम पिता किशनाराम 5/447 हि. मणिराज मूलसिंह पि. भगवानदान कौम चारण 14/447 हि. केसूडी पत्नी मोडाराम जाट 20/447 हि. कमलादेवी पत्नी परमाराम रा.रा. 10/447 हि. श्रवणराम पुत्र भंवरूराम कौम बावरी 10/447 हि. जवरूदीन पुत्र पूसाखां कौम तेली 27/447 हि. मांगू पुत्र पूसाखां कौम तेली 26/447 हि. पारसराम पुत्र पोकरराम कौम बावरी 5/447 हि. फुलीदेवी पत्नी लाडूराम कौम बावरी 20/447 हि. दुर्गादेवी पत्नी तोलाराम कौम बावरी 20/447 हि. श्रवण कैलाश दलाराम छोटाराम कलाराम पिता भंवरूराम सुन्दरी धर्मी तुलछी पुत्रियां भंवरूराम कौम बावरी 19/447 हि. गेंदादेवी पत्नी मादूराम जाट 10/447 हि. मिजबाई पत्नी रतनाराम कुमावत 10/447 हि. मुतराई देवी पत्नी हड़मानराम 10/447 हि. गट्टूडी पत्नी बाबुलाल कौम जाट 10/447 हि. बिदामीदेवी पत्नी लाडूराम कौम जाट 20/447 हि. रामगिरी सम्पतगिरी पिता सेवागिरी कौम |
| 614 | 901/1 | 00-05 | बा.दो. | शिवलाल पुत्र पोकरराम कौम बावरी सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 7 | 901/2 | 01-07 | बा.दो. | अ.करीम, शकूरमोहम्मद कल्लुखां सतारमोहम्मद शफीमोहम्मद पिता नाथुखां कौम तेली सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 382 | 901/3 | 00-07 | बा.दो. | रामदीन रामनिवास तुलछाराम पिता बालूराम सायती परमाई सीपूदेवी पुत्रियां बालूराम जडावली पत्नी बालूराम काना पिता खेमा कौम जाट सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 279 | 901/4 | 00-05 | गै.मु. बाड़ा | बुधाराम पिता नारायणराम 1/3 हिस्सा हडमानराम सेवाराम रामचन्द्र चेनाराम पिता हरजीराम 1/3 हिस्सा शंकरलाल पुनाराम पिता किशनाराम 1/3 कौम कुमावत सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 456 | 901/5 | 02-04 | बा.दो. | मणिराज मूलसिंह पि. भगवानदान कौम चारण 0.14 बिस्वा केसूडी पत्नी मोडाराम जाट 01-00 बीघा कमलादेवी पत्नी परमाराम रा.रा. 0.10 बिस्वा सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 620 | 901/6 | 00-10 | बा.दो. | श्रवणराम पुत्र भंवरूराम कौम बावरी सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 176 | 901/7 | 01-07 | बा.दो. | जवरूदीन पुत्र पूसाखां कौम तेली सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 469 | 901/8 | 01-06 | बा.दो. | मांगू पुत्र पूसाखां कौम तेली सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 317 | 901/9 | 00-05 | बा.दो. | पारसराम पुत्र पोकरराम कौम बावरी सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 350 | 901/10 | 01-00 | बा.दो. | फुलीदेवी पत्नी लाडूराम कौम बावरी सा.देह खातेदार। | | | | | |
| 230 | 901/11 | 01-00 | बा.दो. | दुर्गादेवी पत्नी तोलाराम कौम बावरी सा.देह खातेदार। | | | | | |

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhaskar Bishnoi
Date: 2020.03.03 11:46:50 IST
Reason: SelfAttested
Location: